माता-पिता के लिए

नमस्ते। आपकी बेटी या बेटा Teachership Spark में आना चाहते हैं। यह पन्ना आपके लिए है, ताकि आप ख़ुद देखकर फ़ैसला कर सकें। कोई भी सवाल हो, तो सीधे **+91 94580 91829** पर बात कीजिए।

Spark क्या है

7 से 19 दिसंबर 2026 तक, 13 दिन, Kadam Experiential School, बड़ौत (ज़िला बागपत) में। दिल्ली से लगभग 1 घंटा। सुबह स्कूल की क्लास में बच्चों के साथ, बाकी समय Kadam के शिक्षकों के साथ सेशन। 19 दिसंबर को पूरे ग्रुप के साथ, Kadam के स्टाफ़ के साथ, एक दिन दिल्ली में। 15 सीटें, लड़कियाँ और लड़के बराबर।

Spark कोई भर्ती या परीक्षा नहीं है। यह एक स्कूल में, उसे चलाने वाले लोगों के साथ 13 दिन हैं, ताकि आपकी बेटी या बेटा ख़ुद देख सकें कि बच्चों के साथ यह काम उनके लिए है या नहीं।

कौन चलाता है

Teachership Spark, Kadam Experiential School और BKPJM का कार्यक्रम है। BKPJM (बाबू कामता प्रसाद जैन महाविद्यालय) एक रजिस्टर्ड सोसाइटी है, जो 2004 से इसी कैंपस में कॉलेज चला रही है। Kadam इसी कैंपस में चलने वाला स्कूल है, जहाँ रोज़ बच्चे पढ़ने आते हैं। Spark को Kadam की अपनी टीम चलाती है।

रहना और देखरेख

- **कहाँ रहेंगे:** कैंपस के हॉस्टल में, लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग विंग (एक ही इमारत में), उसी कैंपस में जहाँ Kadam का स्कूल चलता है।
- **कौन साथ रहता है:** महिला स्टाफ़ कैंपस में ही रहती हैं। Kadam के वाइस-प्रिंसिपल और कोऑर्डिनेटर भी कैंपस में ही रहते हैं।
- **दिन कैसे चलेगा:** रोज़ का तय टाइमटेबल, और सबके लिए लिखे हुए नियम (code of conduct)।
- **बच्चों के साथ काम:** बच्चों के साथ काम शुरू करने से पहले हर प्रतिभागी को बच्चों की सुरक्षा पर ट्रेनिंग दी जाती है।
- **खाना:** कैंपस की रसोई से, घर जैसा शाकाहारी खाना।
- **फ़ोन:** फ़ोन उनके पास ही रहेगा। दिन में काम के समय घर बात करनी हो, तो संस्थान का फ़ोन भी है।
- **तबीयत खराब हो तो:** डॉक्टर बुलाने की व्यवस्था है, और पास का अस्पताल बड़ौत में ही है।



कैंपस हॉस्टल में लड़कियों के विंग का एक कमरा

आना-जाना

- **पहुँचना:** रविवार 6 दिसंबर की शाम, या सोमवार 7 दिसंबर की सुबह तक।
- **कैसे पहुँचें:** दिल्ली और मेरठ से बड़ौत के लिए बस-ट्रेन आसानी से मिलती है। 6 दिसंबर को घर से कोई छोड़ने आ सकता है, पर कैंपस में रुक नहीं सकता।
- **टिकट:** टिकट वे ख़ुद बुक करेंगे। हम किसी का टिकट बुक नहीं करते, और टिकट के नाम पर कभी पैसे नहीं माँगते।
- **घर वापसी:** रविवार 20 दिसंबर, नाश्ते के बाद।

आपका खर्च

किराए के अलावा कुछ नहीं। रहना, खाना, सेशन, सामान और दिल्ली का दिन हमारी ओर से। रजिस्ट्रेशन, सिक्योरिटी, किट, वेरिफ़िकेशन या टिकट के नाम पर कोई पैसा नहीं। हम फ़ोन या WhatsApp पर कभी आधार, बैंक की जानकारी या OTP नहीं माँगते।

चयन, और आपसे बात

फ़ॉर्म के बाद फ़ोन पर बातचीत होती है, फिर परिवार से। **किसी को भी Spark में सीट देने से पहले हम उनके परिवार से फ़ोन पर बात करते हैं।** कॉल सिर्फ़ +91 94580 91829 से आती है। सीट का ऑफ़र WhatsApp पर और teachership@bkpjm.org से ईमेल पर आता है; आप इसी नंबर पर फ़ोन करके उसे जाँच सकते हैं।

Spark के बाद

Spark पूरा करने वाले हर व्यक्ति को सर्टिफ़िकेट और लिखित फ़ीडबैक मिलता है। चयन से, ज़्यादा से ज़्यादा 6 लोगों को Teachership Flame का ऑफ़र मिल सकता है: Kadam में 2 साल पढ़ाना, स्टाइपेंड के साथ।

पता: NH709B, दिल्ली–सहारनपुर रोड, BKPJM के पास, बड़ौत, बागपत, उत्तर प्रदेश 250611
नक्शा: https://maps.app.goo.gl/GMQcBWViKwFH7sb28
पूरी जानकारी: teachership.org/hi/

सवाल हों तो: +91 94580 91829 पर कॉल या WhatsApp कीजिए।

चयन पूरी तरह निःशुल्क है। Spark का कोई एजेंट नहीं है, और आवेदन, चयन या जुड़ने के लिए कोई आपसे पैसे नहीं माँगेगा। सिर्फ़ इस नंबर पर संपर्क करें: **+91 94580 91829 · teachership@bkpjm.org**

कदम
Kadam Experiential School

— Teachership टीम, Kadam Experiential School और BKPJM, बड़ौत